
# 'नौकरी' के लिए मौत की छलांगः सीमेंट कंपनी के दफ्तर पर बेरोजगारों का धावा, दीवारें फांदीं, छत से कूदे युवा



सतना। विंध्य क्षेत्र में बेरोजगारी का आलम यह है कि एक अदद नौकरी की उम्मीद में युवा अपनी जान दांव पर लगाने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं। रविवार को कोलगवा थाना क्षेत्र के भरहुत नगर स्थित एक प्रतिष्ठित सीमेंट ग्रुप के कार्यालय के बाहर जो नजारा दिखा,उसने प्रशासन और व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी।





### भीड़ ऐसी कि थम गई शहर की रफ्तार

कंपनी ने इलेक्ट्रिकल,मैकेनिकल इंजीनियर और ऑपरेटर जैसे पदों के लिए 'वॉक-इन इंटरव्यू' का विज्ञापन निकाला था।लेकिन रविवार सुबह जब दफ्तर खुला,तो वहां केवल उम्मीदवार नहीं,बल्कि हजारों बेरोजगारों का सैलाब उमड़ पड़ा। सतना समेत कटनी,मैहर और पन्ना से आए युवाओं के कारण कार्यालय का परिसर छोटा पड़ गया और सड़क पर चक्काजाम की स्थिति बन गई।

### अव्यवस्था और जानलेवा स्टंट

जब घंटों इंतजार के बाद भी एंट्री नहीं मिली, तो युवाओं का धैर्य जवाब दे गया। कैंपस के अंदर घुसने के लिए युवाओं ने वह किया जो जानलेवा हो सकता था। सैकड़ों युवक कटीली तारों और ऊंची दीवारों को लांघकर अंदर घुसने की कोशिश करने लगे। कुछ युवक तो बगल की इमारतों के सहारे ऑफिस की छत पर चढ़ गए और वहां से नीचे कूदकर सीढ़ियों के जरिए अंदर पहुंचने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची पुलिस इस भारी भीड़ के सामने मूकदर्शक बनी रही। स्थानीय लोगों में डर था कि भगदड़ मची तो लाशें बिछ सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### आरपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में कमर्शियल और ऑपरेटिंग टीमों का दबदबा




सतना। पश्चिम मध्यरेल के रेल मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित रेलवे प्रीमियर लीग का रोमांच रविवार को भी जारी रहा। मीडिया प्रभारी ने बताया कि रविवार को दो महत्वपूर्ण मुकाबले खेले गए,जिसमें कमर्शियल और ऑपरेटिंग की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की। पहला मैच कमर्शियल और रीवा वारियर्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कमर्शियल की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 110 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रीवा वारियर्स की टीम 15 ओवर खेलने के बाद केवल 86 रन ही बना सकी और 24 रनों से मैच हार गई। शानदार प्रदर्शन के लिए संतोष सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दोपहर 1 बजे से शुरू हुए दूसरे मैच में ऑपरेटिंग टीम ने एकतरफा जीत हासिल की। रेलवे इलेवन का बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह चरमरा गया और टीम 11.4 ओवरों में मात्र 30 रनों पर सिमट गई। बेहद छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑपरेटिंग की टीम ने मात्र 2.1 ओवरों में 1 विकेट खोकर 33 रन बना लिए और 9 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की।

### क्रेशर में दर्दनाक हादसा,ट्रक मालिक की मौत

मैहर। जनपद के राय क्रेशर में आज एक भीषण हादसा हो गया,जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई। जानकारी के अनुसार,मृतक की पहचान रिंगरा निवासी एक ट्रक मालिक के रूप में हुई है। हादसे के तुरंत बाद शव को मैहर सिविल अस्पताल लाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ।

### शहर में ई-रिक्शा का तांडवः 5 लोगों को मारी टक्कर,चालक गिरफ्तार

मैहर। सर्किट हाउस क्षेत्र में आज उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक बेलगाम ई-रिक्शा ने राहगीरों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,ई-रिक्शा की रफ्तार काफी तेज थी और चालक उस पर से नियंत्रण खो बैठा था। इस दौरान रिक्शा ने करीब 5 लोगों को जोरदार टक्कर मारी। हादसे के बाद चालक भागने की कोशिश कर रहा था,जिसे स्थानीय लोगों ने कई किलोमीटर तक पीछा कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले किया।

### उप-स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

मैहर। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने जनपद पंचायत मैहर की ग्राम पंचायत गोबरी में नवनिर्मित उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया।

## बजट 2026-27: सत्ता पक्ष ने बताया 'ऐतिहासिक',विपक्ष ने कहा 'निराशाजनक'

**सतना**। केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर सतना में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिली हैं। जहां भारतीय जनता पार्टी ने इसे 'विकसित भारत' की नींव रखने वाला क्रांतिकारी बजट बताया,वहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने इसे मध्यम वर्ग और युवाओं के साथ छलावा करार दिया।

### गणेश सिंह: विकसित भारत और आत्मनिर्भरता का रोडमैप

सांसद गणेश सिंह ने बजट की सराहना करते हुए इसे 53.5 लाख करोड़ का 'दूरदर्शी दस्तावेज' बताया। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य इस बजट में स्पष्ट दिखता है। अधोसंरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) के लिए 12.2 लाख करोड़ का प्रावधान और 7नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर देश की तस्वीर बदल देंगे। उन्होंने विशेष रूप से 17 प्रकार की कैंसर दवाओं को कर-मुक्त करने और दिव्यांगों के लिए नई कौशल योजनाओं के प्रावधान को ऐतिहासिक बताया।

### भाजपा का जश्न: 'सबका साथ-सबका विकास' की गूँज

सेमरिया चौक स्थित कलकत्ता मैरिज गार्डन में बजट का सीधा प्रसारण देखा गया। इस दौरान महापौर योगेश ताम्रकार और जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय ने कहा कि बजट में सोलर ऊर्जा,जूते और मोबाइल बैटरी जैसी वस्तुओं के सस्ता होने से आम आदमी को राहत मिलेगी। 10 हजार करोड़ का एम एस एम ई फंड छोटे उद्योगों के लिए संजीवनी बनेगा।

### आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने उठाए सवाल

विपक्ष ने बजट को 'हवा-हवाई' बताते हुए कड़ा प्रहार किया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य संजय बंका ने कहा कि टैक्स स्लैब में कोई बदलाव न होना मध्यम वर्ग के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने शेयर बाजार में आई 3% की गिरावट को निवेशकों के अविश्वास का प्रतीक बताया। वहीं,महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महामंत्री सविता अग्रवाल ने कहा कि बजट में महंगाई और बेरोजगारी जैसे असली मुद्दों को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं की रसोई और शिक्षा-स्वास्थ्य पर कोई ठोस सब्सिडी नहीं दी गई है।

### कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस

बजट में ग्रामीण विकास के लिए 2,73,108 करोड़ का भारी-भरकम प्रावधान किया गया है। सांसद गणेश सिंह के अनुसार,यूरिया और उर्वरक सब्सिडी के साथ-साथ पहाड़ी क्षेत्रों में बादाम-अखरोट और मैदानी क्षेत्रों में नारियल-काजू जैसी उच्च मूल्य की फसलों को बढ़ावा देने से किसानों की आय दोगुनी होगी। वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा (जदयू) और समाजसेवी मनीष तिवारी ने संतुलित रुख अपनाते हुए कहा कि बजट के प्रावधान कागजों पर तो समावेशी दिख रहे हैं,लेकिन इसका असली लाभ तभी मिलेगा जब इसका क्रियान्वयन धरातल पर ईमानदारी से हो।

## झखौरा गांव में विवादित निर्माणाधीन माकान जमींदोज





**सतना**। झखौरा गाव में रविवार को भारी तनाव और पुलिस सुरक्षा के बीच एक निर्माणाधीन मकान को जमींदोज कर दिया गया। सतना जिले का धारकुंडी थाना क्षेत्र आज छावनी में तब्दील नजर आया। मौका था झखौरा गांव में अवैध और विवादित निर्माण को गिराने का मझगवां एसडीएम,तहसीलदार और एसडीओपी चित्रकूट की मौजूदगी में प्रशासन ने उस इमारत को मिट्टी में मिला दिया,जिसे लेकर पिछले कई महीनों से गांव में तनाव की स्थिति थी। यह पूरा मामला तब गरमाया जब गांव के ही लालमन चौधरी उर्फ अब्दुल रहमान ने अपने घर पर एक गुंबदनुमा धार्मिक संरचना का निर्माण शुरू कराया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पुलिस से की, जिसके बाद धर्मांतरण के बड़े रैकेट का खुलासा हुआ। जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी लालमन ने 15 साल पहले धर्म परिवर्तन किया था और बाद में अपने बेटे और भतीजे का भी धर्मांतरण कराया। पुलिस को तलाशी के दौरान घर से आपत्तिजनक धार्मिक किताबें,बैनर और मोबाइल में संदिग्ध संदेश मिले थे। धर्मांतरण के इस खेल का तार अब मुंबई से भी जुड़ा बताया जा रहा है। सिर्फ धर्मांतरण ही नहीं,इस जमीन को लेकर दो भाइयों के बीच मालिकाना हक का भी विवाद चल रहा था। इसी के मद्देनजर एसडीएम ने 5 जनवरी को ही इस मकान को सीज करने के आदेश दिए थे। लेकिन आज प्रशासन ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए तीन घंटे की मशक्कत के बाद पूरी संरचना को गिरा दिया है।

## रामनगर में खनिज विभाग का एक्शन; कोयला और रेत के 3 ट्रक जब्त



सतना। अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्यवाही की है। रामनगर क्षेत्र में बिना वैध दस्तावेजों के खनिज ले जा रहे तीन ट्रकों को विभाग ने पकड़ा है। इन ट्रकों में कोयला और रेत लोड था। कार्यवाही के बाद तीनों वाहनों को जब्त कर रामनगर थाने में खड़ा करवाया गया है। विभाग अब वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माना और कानूनी कार्यवाही की तैयारी कर रहा है।

## वरिष्ठ शिक्षक बलराम शुक्ला 43 वर्षों की सेवा के बाद हुए सेवानिवृत्त



**सतना**। शासकीय माध्यमिक विद्यालय देवलहा में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक बलराम शुक्ला अपनी शासकीय सेवा के शानदार 43 वर्ष पूर्ण करने के उपरांत 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनके सम्मान में विद्यालय परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा एक भव्य एवं भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों,कर्मचारियों और विद्यालय के समस्त स्टाफ ने श्री शुक्ला के योगदान को याद किया। ग्राम पंचायत देवलहा के सरपंच एवं सहायक सचिव सहित स्थानीय समाजसेवियों और छात्र-छात्राओं ने केक काटकर खुशी मनाई। श्री शुक्ला का माल्यार्पण कर और उन्हें शाल-श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।

### शिक्षा के प्रति अटूट समर्पण

श्री शुक्ला ने अपने कार्यकाल के दौरान अत्यंत लगन और सेवा भाव से छात्रों का मार्गदर्शन किया। उनके द्वारा तराशे गए कई छात्र आज सफल भविष्य की ओर अग्रसर हैं। उनकी इसी कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए ग्राम पंचायत की ओर से सहायक सचिव द्वारा उन्हें भगवान श्रीकृष्ण और राधा जी की प्रतिमा भेंट की गई।विदाई की इस बेला में उपस्थित छात्र-छात्राओं और सहयोगियों की आँखें नम दिखीं। वक्ताओं ने कहा कि श्री शुक्ला का जाना विद्यालय के लिए एक बड़ी रिक्ति है,लेकिन उनकी दी हुई शिक्षा हमेशा छात्रों का पथ प्रदर्शन करती रहेगी।

## यूजीसी नियम वापसी की मांग को लेकर सतना बंद का मिला-जुला असर, बाजारों में दिखी आंशिक हलचल

**सतना**। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए नियमों के विरोध में रविवार को 'सर्व समाज' द्वारा आहूत 'सतना बंद' का मिला-जुला असर देखने को मिला। शहर के मुख्य बाजारों में कहीं स्वेच्छा से दुकानें बंद रहीं,तो कहीं प्रदर्शनकारियों ने घूम-घूम कर व्यापारियों से प्रतिष्ठान बंद कराए। आंदोलनकारियों ने शहर के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। बंद का प्रभाव पन्नीलाल चौक,बिहारी चौक और स्टेशन रोड पर आंशिक रूप से देखने को मिला। दोपहर के समय प्रदर्शनकारियों की सक्रियता बढ़ने से बाजार में खरीदारी और आवाजाही पर आंशिक असर पड़ा। हालांकि,शहर के कुछ अन्य हिस्सों में जनजीवन सामान्य बना रहा और दुकानें खुली रहीं।किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस बल मुस्तैद रहा। नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। संवेदनशील चौराहों पर पुलिस की गश्ती जारी रही ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।आंदोलन में शामिल सामाजिक और राजनीतिक संगठनों का तर्क है कि यूजीसी के नए प्रावधान शिक्षा व्यवस्था और आम जनहित के विरुद्ध हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि ये नियम वापस नहीं लिए गए,तो आने वाले समय में व्यापक उग्र आंदोलन किया जाएगा। रविवार होने और पुलिस की सक्रियता के कारण बंद शांतिपूर्ण रहा। जहां कुछ व्यापारियों ने समर्थन दिया,वहीं कई इलाकों में दुकानें सामान्य रूप से संचालित होती रहीं।

## घर में घुसकर मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**सतना**। शहर के सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत धवारी क्षेत्र में घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट करने वाले दो फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 31 जनवरी 2026 को धवारी निवासी फरियादी विकास गर्ग 28 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात करीब 9 बजे अभिषेक त्रिपाठी और विशेष तिवारी ने उसके घर के दरवाजे पर लात मारकर जबरन प्रवेश किया।पुराने विवाद को लेकर आरोपियों ने फरियादी के साथ अभद्र गाली-गलौज की और जानलेवा हमला करते हुए मारपीट की। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं 331(6),296(**A**),351(3),115(2),और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए ठिकाने बदल रहे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी ने टीम गठित कर दबिश दी और दोनों आरोपियों को धर दबोचा।



## चित्रकूट में माघी पूर्णिमा का मेला



### कड़ाके की ठंड में मंदाकिनी में उमड़ा आस्था का सैलाब

**सतना**। धार्मिक नगरी चित्रकूट में माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे को पीछे छोड़ते हुए हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाई और भगवान कामतानाथ के दर्शन किए,सुबह के शुरुआती घंटों से ही मंदाकिनी के घाट श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद भगवान कामतानाथ की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की। 'कामतानाथ महाराज की जय' के जयघोष से गुंजायमान रहा। प्रशासन द्वारा घाटों पर पुलिस बल और स्वयंसेवकों की तैनाती की गई,ताकि भीड़ को नियंत्रित कर दर्शन की प्रक्रिया को सुचारु रखा जा सके। हिंदू शास्त्रों के अनुसार,माघी पूर्णिमा का दिन आध्यात्मिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। एक महीने तक चलने वाले माघ स्नान का आज समापन होता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन स्वर्ग से देवता स्वयं पृथ्वी पर आकर पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। इस तिथि पर जप,तप,हवन और दान (विशेषकर अन्न-वस्त्र) करने का विशेष फल मिलता है।चित्रकूट का महत्व इसलिए भी अद्वितीय है क्योंकि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने अपने वनवास के 11.5 वर्ष इसी पावन धरती पर बिताए थे।



**खबर संक्षेप**

## अमानगंज ज्वाला देवी बस्ती में बृहद हिंदू सम्मेलन संपन्न, भंडारे का हुआ आयोजन



**अमानगंज।** ज्वाला देवी बस्ती अमानगंज में बृहद हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन संतों के सान्निध्य में संपन्न हुआ, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से धर्म और संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में प्रस्तुत राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। साथ ही बच्चों एवं कलाकारों द्वारा सुंदर संस्कृत प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सम्मेलन के दौरान संतों एवं वक्ताओं ने मंच से हिंदू एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को लेकर प्रेरणादायक वक्तव्य दिए। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता का भाव मजबूत होता है और नई पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ने का कार्य होता है। सम्मेलन में मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। आयोजन के माध्यम से हिंदू एकता का पाठ पढ़ाया गया और समाज को संगठित रहने का संदेश दिया गया।

## वार्ड क्रमांक 11 पुरानी अदालत में हुआ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ



**पवई।** इन दिनों नगर सहित पूरे क्षेत्र में धार्मिक कार्यक्रम अनुष्ठान इत्यादि के आयोजनों का दौर जारी है,जिससे संपूर्ण नगर एवं क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इसी तरह पवई के प्रतिष्ठित श्रीवास्तव परिवार सात बंगले श्रीवास्तव कॉलोनी वार्ड क्रमांक 11 पुरानी अदालत में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का रविवार को शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम नगर के स्थानीय जगदीश स्वामी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई,जो अजय मेडिकल, गांधी चौक होते हुए कथा स्थल पहुंची जहां कथा व्यास पंडित श्री रमेश प्रसाद शास्त्री शिव धाम पवई के द्वारा पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कथा की बैठकी कराई गई, तदोपरांत कथा का प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा में नगर के प्रबुद्ध जन भी मौजूद रहे। इस कथा के श्रोता नागेन्द्र श्रीवास्तव श्रीमती रजनी श्रीवास्तव है। कथा का आयोजन नगर के प्रतिष्ठित श्रीवास्तव परिवार के द्वारा किया जा रहा है। 9 फरवरी सोमवार को गौ पूजन,तर्पण पूर्णाहूति ब्राह्मण भोजन भंडारा के साथ कथा का समापन होगा।

# बुजुर्गों के हृदय से निकली दुआएं सोने चांदी से भी अधिक मूल्यवान- ब्रह्माकुमारी



**पन्ना।** दीप प्रज्वलित एवं प्रभु स्मृति के साथ हुआ कार्यक्रम का आरंभ, बहन जी ने सभी वृद्धजनों का तिलक एवं फूलमालाओं के द्वारा आत्मीय स्वागत किया। संगम -षौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवनष अभियान के तहत अनेक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में ब्रह्माकुमारी विद्यालय पन्ना की ओर से वृद्ध जनों के सम्मान में दो कार्यक्रमों का आयोजन किया गया पहला कार्यक्रम वृद्ध आश्रम पन्ना में हुआ जिसमें मुख्य रूप से श्रीमती डॉ. दुर्गा त्रिपाठी आश्रम की संचालिका श्रीमती निशा जैन पूर्व प्राचार्य श्री बुद्ध सिंह गायत्री परिवार, महेश जैन, कैलाश सोनी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सीता बहन ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं,यह हमारी दुआओं का अथाह सागर है,उनके हृदय से निकली हुई दुआएं कई गुना संपत्ति से भी अधिक ज्यादा मूल्यवान होती हैं वह छायादार वृक्षों के समान है ऐसे वृक्षों को क्षति पहुंचाना स्वयं को कमजोर करना है बुजुर्गों के साथ समय बिताना अत्यंत लाभकारी होता है बुजुर्गों के सम्मान में कमी और अभियान की अधिकता ही हमारी सामाजिक कमजोरी का कारण बनती जा रही है वृद्धावस्था बोझ नहीं बल्कि अनुभवों की अमूल पूंजी है ध्यान मेडिटेशन सकारात्मक चिंतन एवं आध्यात्मिक मूल्यों से ही वरिष्ठ जनो का जीवन सुखमय स्वस्थ और गरिमामय बनाया जा सकता है। वृद्ध आश्रम की संचालिका श्रीमती दुर्गा त्रिपाठी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा ऐसे कार्यक्रमों से वृद्ध जनों में उमंग उत्साह एवं खुशी का संचार एवं आत्मिक शांति आती है वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्ध जनों ने भी अपने अनुभव साझा किये। ब्रह्माकुमारी विद्यालय के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती डॉक्टर उमा त्रिपाठी ने अपने विचार रखते हुए कहां की ऐसे कार्यक्रमों से समाज में नई पीढ़ी को संस्कारवान एवं बड़ों के प्रति सम्मान की भावना जागरूक करना है,हमें एक दूसरे को समझ कर चलना होगा तभी परिवार में सुख शांति होगी कार्यक्रम में श्रीमती आशा गुप्ता नगर पालिका उपाध्यक्ष,महेश जैन,रामेश्वर प्रसाद, प्रभु दयाल तिवारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे सभी ने अपने-अपने विचार साझा किया।



## किसान कल्याण वर्ष अंतर्गत निकाली जागरूकता रैली

**पन्ना।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसान कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत शनिवार को कलेक्ट्रेट से जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। किसानों को विभिन्न लाभकारी शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर ऊषा परमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जिपं कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष, उप संचालक कृषि एवं एसडीएम पन्ना भी उपस्थित रहे। यह रैली प्राणनाथ मंदिर होते हुए गांधी चौक पहुंची एवं छत्रसाल पार्क में समाप्त हुई।

## केंद्रीय बजट विश्वास पर आधारित विकास और आत्म निर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम- बृजेंद्र प्रताप सिंह



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता, पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तैयार किया गया विश्वास पर आधारित विकास का बजट है। उन्होंने कहा कि यदि भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनना है तो उन सभी क्षेत्रों पर ध्यान देना होगा, इसी सोच के साथ इस बजट में रियल एस्टेट, चिप मैन्युफैक्चरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश के भीतर उत्पादन बढ़ाने को प्राथमिकता दी गई है, जिससे भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत बन सके। वहीं गुनौर विधायक राजेश वर्मा ने केंद्रीय बजट को समावेशी और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि जिन रणनीतिक उत्पादों पर दुनिया के केवल दो-तीन देशों का दबदबा है, उनके निर्माण पर भारत में विशेष फोकस किया गया है। राजेश वर्मा ने कहा कि लॉजिस्टिक्स लागत कम होने से भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता चीन के मुकाबले और मजबूत होगी। बजट में युवा एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। वहीं टैक्सपेयरों को राहत देते हुए सजा की जगह नाममात्र की पेनल्टी का प्रावधान किया गया है, जो डर से मुक्त टैक्स व्यवस्था की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसान, युवा, महिला, उद्योगपति और व्यवसायी सहित समाज के हर वर्ग को राहत देने वाला है। कुल मिलाकर यह बजट समावेशी विकास और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत और निर्णायक कदम है।



### डॉ प्रतिभा शर्मा का असिस्टेंट डायरेक्टर विटनरी असिस्टेंट सर्जन पर हुई चयनित

**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भिलसाय में संतोष शर्मा सेवानिवृत्त प्राचार्य,सतेंद्र शर्मा उर्फ बेटू की भतीजी एवं पुलिस विभाग पन्ना में पदस्थ अशोक शर्मा की होनहार बेटी डाक्टर प्रतिभा शर्मा का असिस्टेंट डायरेक्टर विटानरी असिस्टेंट सर्जन के पद पर 23 वीं रैंक पाकर चयनित हुई हैं। गौरतलब है कि ग्राम भिलसाय में 40 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त स्वर्गीय हरवंश प्रसाद शर्मा ने एमपीपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर आयकर विभाग में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर नौकरी प्राप्त की थी। प्रतिभा की इस सफलता पर ग्रामीणों,परिवारजनों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं। वहीं इस बेटी ने गांव के युवा पीढ़ी को संबल प्रदान किया हे।

## देवेंद्रनगर में उमड़ा सकल हिन्दू समाज का जनसैलाब

**विशाल हिन्दू सम्मेलन ने दिखाई संगठन की शक्ति, श्रद्धा-एकता में रंगा पूरा नगर**



**पन्ना।** संघ शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर श्रीराम मंदिर परिसर में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन ने देवेन्द्रनगर को श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के रंग में रंग दिया। पूर्वघोषित आह्वान के अनुरूप समाज के सभी वर्गोंकृबच्चों, युवाओं, मातृशक्ति एवं वरिष्ठजनोंकृकी सहभागिता के साथ सम्मेलन में हजारों की ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा नगर गगनभेदी जयकारों और भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर से मातृशक्ति द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीराम मंदिर पहुँची। श्रीराम मंदिर परिसर में भारत माता पूजन, धरती पूजन एवं गो-पूजन के साथ विधिवत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को भावनात्मक ऊंचाई प्रदान की। मुख्य मंच पर संत एवं कथावाचक सत्यम कृष्ण शास्त्री महाराज, मुख्य अतिथि पारुल जैन, मातृशक्ति वसुंधरा राजे तथा मुख्य वक्ता वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र वर्मन की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने संघ शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र निर्माण में संगठित समाज की भूमिका पर प्रभावी विचार रखे। पूर्व में दिए गए आह्वान के अनुरूप नागरिकों ने सीमित समय होने पर भी उपस्थिति दर्ज कराकर यह संदेश दिया कि उपस्थिति ही समर्थन है और समर्थन ही संगठन की शक्ति। कार्यक्रम के समापन पर भारत माता की आरती तथा प्रसाद वितरण हुआ। यह विराट हिन्दू सम्मेलन न केवल धार्मिक आस्था का भव्य प्रतीक बना, बल्कि यह सिद्ध कर गया कि देवेंद्रनगर में हिंदू समाज संगठित, जागरूक और एकजुट है। सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का यह संदेश आने वाले समय में क्षेत्र में सकारात्मक विमर्श को नई दिशा देगा।

## पन्ना में बाघिन का खौफ, मखरा गाँव में गाय का शिकार

### ग्रामीणों की थमी सांसें, पिटीआर की टीम ड्रोन कैमरो से कर रही निगरानी

**देवेन्द्रनगर।** पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर जोन से सटे ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर बाघिन की मौजूदगी ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। ताज़ा मामला ग्राम पंचायत रानीपुर के माजरा ग्राम मखरा का है, जहाँ शनिवार (31 जनवरी) की रात बाघिन ने एक गाय का शिकार कर उसे अपना निवाला बना लिया। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और लोग घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे हैं।

### प्रत्यक्षदर्शी ने देखा रौद्र रूप-

जानकारी के अनुसार, आज रविवार 1 फरवरी को जब ग्रामीण नाले के पास पहुंचे, तो वहां गाय का क्षत-विक्षत शव देख उनके होश उड़ गए। स्थानीय निवासी नारायण कुशवाहा ने बताया कि जैसे ही वह नाले के करीब पहुंचे, उन्हें साक्षात बाघिन दिखाई दी। बाघिन को देख वह उल्टे पांव भागे और तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी।



### ड्रोन से सर्चिंग और कैमरों का पहरा-

सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय बाजपेई के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। विभाग ने मुस्तैदी दिखाते हुए लगभग 2-3 किलोमीटर के दायरे में ड्रोन उड़ाकर बाघिन की लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश की गई। इसके साथ ही नाले और शिकार वाले स्थान के आसपास नाइट विजन कैमरे लगाए गए हैं ताकि बाघिन की गतिविधि की पुष्टि हो सके। साथ ही वन रक्षकों की टीम मौके पर ही तैनात है और पल-पल की खबर रख रही है।

### वन विभाग की सख्त हिदायत- अकेले न निकलें-

हालांकि ड्रोन सर्च में फिलहाल बाघिन की लोकेशन नहीं मिली है, लेकिन शिकार के पैटर्न को देखते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय बाजपेई ने पुष्टि की है कि यह हमला बाघिन का ही है। उन्होंने ग्रामीणों के लिए एडवाइजरी जारी की है कि किसान और ग्रामीण नाले के पास वाले इलाके में जाने से बचें। यदि जाना बहुत आवश्यक हो, तो अकेले न जाएं; हमेशा समूह में और लाठी-डंडों के साथ सतर्क होकर ही निकलें।

## शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गिरवारा में नशा मुक्ति रैली का आयोजन



### नशा मुक्त भारत,नशा मुक्त गांव का दिलाया संकल्प

**देवेंद्रनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरवारा में प्राचार्य लक्ष्मण सिंह राजपूत एवं इको क्लब प्रभारी विनीत द्विवेदी के मार्गदर्शन में इको क्लब का आयोजन किया गया एवं नशा मुक्त रैली का भव्य आयोजन किया गया । यह रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर गांव में निकाली गई। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा अपने अपने हाथों में वैनर पोस्टर लेकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं नशा मुक्त भारत नशा मुक्त गांव का संकल्प दिलाया गया। एवं सभी ने लाइफ शपथ दिलाई गई। पर्यावरण को बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाने के लिए,अपने परिवार,मित्रों और अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और व्यवहारों के विषय में सतत रूप से प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

## करियर काउंसलिंग एवं करियर मेला 2026 का शासकीय कन्या उच्च.माध्य. विद्यालय देवेंद्रनगर में संपन्न हुआ सफल आयोजन

**देवेंद्रनगर।** समग्र शिक्षा अभियान लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल म.प्र. के आदेशानुसार प्राचार्य राजेश रैकवार एवं करियर काउंसलिंग नोडल मुकेश खरे के नेतृत्व में दिनांक 27/01/2026 से 31/01/2026 तक 5 दिवसीय करियर काउंसलिंग एवं करियर मेला का सफल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं ने बढ़ - चढ़ का सहभागिता की। प्रत्येक दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत मां वीणावादिनी की पूजा आरती से कर वातावरण को भक्तिमय बनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक 27 जनवरी 2026 को किया गया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य राजेश रैकवार ,वरिष्ठ शिक्षिका बबीता रावत, वरिष्ठ शिक्षक चक्रधर गौतम, वरिष्ठ शिक्षक शिवमोहन बाजपेयी एवं खेल शिक्षक फहीम खान सहित सभी छात्राओं ने शिरकत की। इस दिन करियर जागरूकता,करियर काउंसलिंग परिचय, शैक्षणिक संकायों की जानकारी,स्थानीय उद्योग एवं संस्थान का परिचय विषय पर व्याख्यान दिया गया तथा खेल शिक्षक फहीम खान द्वारा गेम्स करियर के विषय जानकारी दी गई। करियर मेला के द्वितीय दिवस दिनांक 28/01/2026 को छात्रों को कौशल एवं व्यवसायिक विकल्पों की जानकारी,कौशल शिक्षा के प्रति जागरूकता,कौशल आधारित पाठ्यक्रमों की जानकारी, आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं व्यवसायिक शिक्षा पर सत्र ,स्थानीय द्योगपति अथवा उद्यमी से संवाद आधारित जानकारी प्रदान की गई तथा स्थानीय संवाद हेतु बम्बू हाउस के संचालक सतेंद्र सोनी को आमंत्रित किया गया जिन्होंने छात्राओं से स्थानीय उद्यम के विषय में चर्चा की। करियर काउंसलिंग के तृतीय दिवस दिनांक 29/01/2026 को क्षेत्र सीबीएमओ ॉ.अभिषेक जैन को आमंत्रित किया गया जिन्होंने छात्राओं को मेडिकल के करियर के साथ - साथ महिला स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी प्रदान की । इसी कार्यक्रम में देवेंद्रनगर में संचालित रिया ब्यूटी पार्लर की संचालिका संगीता साहू को आमंत्रित किया गया जिन्होंने छात्राओं को ब्यूटी क्षेत्र के करियर के विषय की जानकारी प्रदान की साथ विद्यालय की



ब्यूटी शिक्षिका दीपाली रैकवार द्वारा भी छात्राओं को ब्यूटी करियर के गुण सिखाए गए तथा छात्राओं को मोटीवेट किया गया। कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस दिनांक 30/01/2026 को आदित्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन सतना (म.प्र.) के काउंसलिंग विभाग से संदीप दुबे तथा संदीप चौबे के साथ - साथ अनिकेत मिश्रा व दिलीप पांडे को भी आमंत्रित किया गया जिसमें संदीप दुबे तथा संदीप चौबे ने बारी -बारी से जीवन कौशल,करियर योजना एवं भविष्य की तैयारी के साथ संकाय आधारित परीक्षा पर विस्तृत जानकारी छात्राओं के बीच सांझा की। करियर काउंसलिंग मेला के अंतिम समापन दिवस दिनांक 31/01/2026 को सीएमओ पद पर चयनित सिद्धांत जैन, लोक सेवा परीक्षा के मोटीवेटर अभिषेक सिंह चौहान पत्रकार विनोद गुप्ता तथा पत्रकार रमेश अग्रवाल को आमंत्रित किया गया जिसमें सीएमओ सिद्धांत जैन ने छात्राओं को यूपीएससी और पीएससी परीक्षाओं के विषय में मार्गदर्शन दिया तथा छात्राओं को इन परीक्षाओं में अपनी किस्मत आजमाने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम में पत्रकार विनोद गुप्ता ने छात्राओं को पत्रकारिता के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आह्वान किया तथा सच्ची मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। पत्रकार रमेश अग्रवाल ने छात्राओं को पत्रकारिता के जोखिम और पत्रकारिता में नवाचार के विषय में गहन जानकारी प्रदान की कार्यक्रम के अंतिम वक्ता के रूप में छात्र -छात्राओं को लोक सेवाओं की तैयारी करवा रहे अभिषेक सिंह चौहान ने छात्राओं को यूपीएससी ,पीएससी, एसएससी, रेलवे,बैंकिंग, डीएड, बीएड,एमबीबीएस इंजीनियरिंग,सहित विभिन्न करियर क्षेत्रों की जानकारी प्रदान की। करियर काउंसलिंग के इस पांच दिवसीय आयोजन में छात्राओं ने बीच -बीच में अपने प्रश्नों से एवं आगंतुकों ने उनके उत्तर प्रदान करके समा बांध दिया गया। साथ ही छात्राओं ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उनके जीवन एवं भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी छात्राओं ने कार्यक्रम के संचालक एवं नोडल मुकेश खरे तथा प्राचार्य राजेश रैकवार को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं अपनी असीम खुशी जाहिर की । कार्य के समापन अवसर पर प्राचार्य द्वारा सभी सहभागी साथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा नोडल मुकेश खरे द्वारा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। पांच दिवसीय कार्यक्रम में सहभागी रहे साथी रू राजेश रैकवार, मुकेश खरे (नोडल), सीबीएमओ डॉ. अभिषेक जैन, सीएमओ सिद्धांत जैन, बबीता रावत (वरिष्ठ शिक्षिका), विजय खरे, चक्रधर गौतम, सूर्य नारायण कुशवाहा,मनीषा श्रीवास्तव, धीरेन्द्र कुमार शुक्ला , आत्माराम शर्मा , उमा मिश्रा, कल्पना सक्सेना, फहीम खान, दीपाली रैकवार, शिवमोहन बाजपेयी,सतेंद्र सोनी, संगीता साहू,संदीप दुबे,संदीप चौबे,अनिकेत मिश्रा,दिलीप पांडे,विनोद गुप्ता,रमेश अग्रवाल,अभिषेक सिंह चौहान, मुन्नी लाल कुशवाहा,अजय दहायत सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं समस्त छात्राएं रही।

# हरिभूमि सम्मान समारोह सम्पन्न, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तमाम विभूतियों को किया सम्मानित

सिंगरौली

हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी हरिभूमि सम्मान समारोह का भव्य आयोजन एनटीपीसी विंध्यनगर के मैत्री सभागार में किया गया। हरिभूमि सम्मान समारोह के दौरान विंध्य क्षेत्र के तमाम विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलो के नेताओं, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, ने शिरकत की। जिसमें पत्रकारिता, शिक्षा, चिकित्सा, कला, साहित्य, खेल, राजनीति, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं पर्यावरण जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महान विभूतियों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि राज्य मंत्री राधा सिंह शामिल हुई उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रत्येक वर्ष होना चाहिए हरिभूमि अखबार समाज के ऐसे लोगो का सम्मान करता है जो इसके वास्तविक हकदार है उन्होंने आयोजक हरिभूमि के ब्यूरो प्रमुख राकेश चंद्र पाण्डेय एवं दैनिक देशबंधु अखबार के ब्यूरो चीफ रूपेश चंद्र पाण्डेय की सराहना की। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजक टीम को बधाई दी। उक्त समारोह के



आयोजक राकेश पाण्डेय ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि सभी क्षेत्रों में ओजस्वी कार्य करने वालों का कार्यक्रम में सम्मान किया गया तथा गरीबों में कम्बल का वितरण व गरीब महिलाओं को सिलाई मशीन, साड़ीया, बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी पेन तथा दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया।

## कार्यक्रम मे सम्मानित होने वाली महान विभूतिया

हरिभूमि अखबार द्वारा सम्मानित होने वाली विभूतिया जिसमे चिकित्सा के क्षेत्र मे डॉ ओपी झां, शिक्षा के क्षेत्र मे आत्मा राम दुबे, कानून व वकालत के क्षेत्र मे रामजी जायसवाल, संगीत के क्षेत्र मे अशोक पाण्डेय, खेल के क्षेत्र मे प्रिन्स शाह, व्यापार के क्षेत्र मे प्रमोद बरेलिया, संजीव अग्रवाल, सामाजिक क्षेत्र मे प्रेम सागर मिश्रा सम्मानित हुए।

## विमल म्यूजिकल ग्रुप की रही शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि सम्मान समरोह में भाग लेने पहुंचे विमल म्यूजिकल ग्रुप की भी अपनी शानदार प्रस्तुति रही। बतादे कि विमल म्यूजिकल ग्रुप द्वारा पेश की गई संगीतमई एक से एक प्रस्तुति ने दर्शकों को संगीत की मधुर लहरों में डुबो दिया। जिसकी एंकरिंग विमल म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर अशोक पाण्डेय ने बखूबी निभाई।कार्यक्रम मे मुख्य रूप से राधा सिंह राज्य मंत्री मध्यप्रदेश शासन, राजेश मिश्रा सांसद सीधी सिंगरौली, राजेन्द्र मेश्राम देवसर विधायक, सुन्दर लाल शाह जिलाध्यक्ष भाजपा, दिलीप शाह प्राधिकरण अध्यक्ष, देवेश पाण्डेय



नगर निगम अध्यक्ष, प्रवीण सिंह चौहान जिलाध्यक्ष कांग्रेस,सुभाष वर्मा पुर्व विधायक,गिरीश द्विवेदी पुर्व जिलाध्यक्ष, केसी शर्मा वरिष्ठ पत्रकार,मधु शर्मा पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, ज्ञानेंद्र द्विवेदी पुर्व जिलाध्यक्ष, रेनू शाह पुर्व महापौर, राम अशोक शर्मा पुर्व जिलाध्यक्ष,रामशिरोमणि शाहवाल प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस,अमित द्विवेदी वरिष्ठ कांग्रेस,अरविन्द दुबे,संजीव अग्रवाल,प्रेम सागर मिश्रा पार्षद वार्ड क्रमांक 36, रविंद्र सिंह पार्षद वार्ड क्रमांक 35,विजय शाह पार्षद वार्ड क्रमांक 34,रविंद्र चौबे वरिष्ठ भाजपा नेता,वीरेंद्र पाठक प्रदेश सदस्य,राजेन्द्र सिंह परमार जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा,नरेश शाह,सीपी शुक्ला, सीमा जायसवाल पार्षद वार्ड क्रमांक-40, किरण सोनी,अशोक शाह पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष,मुकेश तिवारी,सुरेश गिरी,बीरेंद्र पाण्डेय हिंडालको, ए के शर्मा टीएचडीसी, विश्वजीत सिंह पीसी पटेल, रंजीत सिंह सिक्कल,संजय मौर्या जीएसको,डॉ आरडी पाण्डेय,अरविन्द दुबे, राजेश दुबे अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राम्हण एकीकृत परिषद, गुंजारी लाल तिवारी नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक,डॉ एच एल प्रजापति,उसेद हसन सिद्धिकी, शाहिद खान रिंकू भाई,बालमुकुंद शाह लोक अभियोजक, प्रमोद नापित अपर लोक अभियोजक, बृजेन्द्र देव पाण्डेय अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, रामजी जायसवाल अधिवक्ता, राजकुमार दुबे अधिवक्ता, त्रिपुरारी नाथ पाण्डेय अधिवक्ता, अमरकेश पाण्डेय अधिवक्ता,रामरक्षा जायसवाल अधिवक्ता,संतोष पाण्डेय अधिवक्ता, शिव चरण शर्मा अधिवक्ता,धर्मेन्द्र सिंह अधिवक्ता,

**पत्रकारो** मे विमल श्रीवास्तव , विकास देव पाण्डेय, धनराज गेहानी , शकील अहमद सहारा समय,आर के श्रीवास्तव संपादक काल चिंतन, संतोष द्विवेदी , दिनेश पाण्डेय,नरेन्द्र मिश्रा,विवेक त्रिपाठी, अतुल दूबे,वंदना सिंह, अवनीश तिवारी, अजय शर्मा,सुरेश पाण्डेय फौजी, रमेश दुबे, सर्वजीत चौबे, सचेन्द्र दुबे, हरीश चन्द्र पाण्डेय,विकास दुबे, विराग पाण्डेय, संतोष शुक्ला, आशीष द्विवेदी रूद्र,राधारमण,रवि वर्मा,ओम प्रकाश तिवारी,सुखचैन शुक्ला, राजेश तिवारी,प्रवीण श्रीवास्तव, लिंकन सिंह,भूपेंद्र दुबे,सीपी पाण्डेय,आशुतोष चतुर्वेदी, संतोष तिवारी, अजीत पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, अविनाश पाण्डेय,सुधीर पाण्डेय सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।सम्पूर्ण ऐतिहासिक कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार दैनिक देशबंधु के ब्यूरो चीफ रुपेश चन्द्र पाण्डेय ने किया कार्यक्रम मे आये हुए सभी अतिथियों का आभार कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ पत्रकार दैनिक हरिभूमि के ब्यूरो चीफ राकेश पाण्डेय ने किया।

## खबर संक्षेप



### चेतगिरी में बनेगा विशाल एवं भव्य जैन मंदिर

**मुनिश्री अभय सागर जी के ससंघ सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान के साथ रखी गई आधारशिला**

छतरपुर। नगर की चेतगिरी कॉलोनी में भगवान मुनिसुब्रतनाथ के विशाल एवं भव्य जैन मंदिर के निर्माण की आधारशिला प्रख्यात विद्वान निर्यापक मुनिश्री अभय सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुए शिलान्यास समारोह में रखी गई।इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन एवं जैनेतर समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे और कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर सहभागिता की।
डा सुमति प्रकाश जैन एवं रीतेश जैन के अनुसार छतरपुर की दिगंबर जैन समाज एवं चेतगिरि कॉलोनी की जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित एक गरिमामयी धार्मिक समारोह में चेतगिरि कॉलोनी में स्थित विशाल भूखंड पर धार्मिक विधिविधान से भव्य मंदिर की आधारशिला शुभम भैया जी के कुशल निर्देशन में हर्षोल्लास के साथ रखी गई। इस क्षेत्र में मंदिर की जरूरत जैन समाज को काफी दिनों से थी लेकिन जमीन न मिल पाने की बजह से देरी हो रही थी। लेकिन संयोगवश यहां तीन रोड का एक निर्विवाद विशाल भूखंड मिल जाने से इस मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया और नगर की जैन समाज के सहयोग से इस भूखंड को क्रय कर लिया गया।अब इस मंदिर के बनने से चेतगिरी कालोनीवासियों को अपने निवास के समीप ही धार्मिक अनुष्ठानों तथा दर्शन के लिये स्थान सुलभ होगा।
इस भव्य मंदिर के निर्माण हेतु मुख्य आधारशिला निर्मल जैन, संजीव साधना जैन(पिंटू) शशांक जैन (नायब तहसीलदार) समीर जैन (वैष्णवी ऑटो पार्ट्स) के द्वारा रखी गई। इसके साथ ही पांच श्रावकों नरेंद्र जैन धनगुवां, एड संजय जैन, अनिल जैन भारत मसाले, रविंद जैन पंचरतन एव महिला मंडल चेतगिरी द्वारा भी पांच आधारशिलाएं और रखी गईं। शिलान्यास हेतु चांदी की गैंती प्राप्त करने का सौभाग्य प्रिंस जैन को प्राप्त हुआ। इस समारोह में चेतगिर समाज के सभी भक्तजन परिवार सहित शामिल हुये।
इस समारोह को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में समाज के अध्यक्ष अरुण जैन, प्रदीप चौधरी, उपाध्यक्ष अजय फट्टा प्रमोद सेठ,महामंत्री अजित जैन, कोषाध्यक्ष जितेंद जैन सटई, सह मंत्री बल्लू जैन, पूर्व अध्यक्ष जयकुमार जैन, सुधीर जैन दीप कमल टाईल्स, श्री नरेंद्र जैन धनगुवां,एड. संजय जैन, शैलेन्द्र जैन फैशन गैलरी, मनोज जैन पनवारी, पंकज जैन नगर पालिका अनिल जैन भारत मशाला, स्वदेश जैन एवं सभी समाजजनों का अथक प्रयास रहा।

### कोल इंडिया के सीएसआर सहयोग से आईआईटी बॉम्बे की पायलट परियोजना 'जीवोदया' को रेशम उत्पादन में बड़ी सफलता

**तीन वर्षों के सतत अनुसंधान एवं विकास के बाद विकसित हुई अभिनव, अहिंसक रेशम निर्माण तकनीक**

एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) फंड के सहयोग से संचालित आईआईटी बॉम्बे की अनूठी पायलट परियोजना 'जीवोदया' ने तीन वर्षों के निरंतर अनुसंधान एवं विकास के पश्चात नैतिक रेशम उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस परियोजना के अंतर्गत आईआईटी बॉम्बे के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकी विकल्प केंद्र (सी-तारा) ने रेशम उत्पादन की एक ऐसी नवीन तकनीक सफलतापूर्वक विकसित की है, जिसमें रेशम के कीड़ों की हत्या की आवश्यकता नहीं होती। पारंपरिक विधियों से अलग, इस तकनीक में रेशम के कीड़े रेशमी धागा उत्पन्न करने के बाद पतंगे (**moth**) में परिवर्तित होकर अपना प्राकृतिक जीवन चक्र पूर्ण कर पाते हैं। इसीलिए, मानवीय और नैतिक दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करते इस रेशम को 'जीवोदया सिल्क' नाम दिया गया है। परंपरागत रूप से, शहतूत की पत्तियों पर पलने वाले रेशम के कीड़े अपने चारों ओर कोकून (**cocoon**) बनाते हैं। रेशम निकालने के लिए इन कोकूनों को उबाल दिया जाता है, जिससे लाखों रेशम कीड़ों की मृत्यु हो जाती है। 'जीवोदया' परियोजना ने इस लंबे समय से चली आ रही प्रथा को चुनौती देते हुए करुणा आधारित वैज्ञानिक नवाचार के माध्यम से रेशम उत्पादन की प्रक्रिया को पुनर्परिभाषित किया है।
अथक प्रयोगों के बाद, 'सी-तारा' ने एक दुर्लभ वैज्ञानिक उपलब्धि हासिल की है, जिसके तहत रेशम के कीड़ों को कोकून बनाए बिना समतल सतह पर रेशमी धागा बुनने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

# कार ने ई-रिक्शा को पीछे से मारी टक्कर, 5 घायल, कार चालक फरार

**महाराजपुर**। थाना क्षेत्र में मेला ग्राउंड के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। तेज रफ्तार में आ रही एक अर्टिका कार ने पीछे से ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों में दो महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि एक नाबालिग बच्चा सहित तीन अन्य को मामूली चोटें आई हैं। घटना के अनुसार पटेल परिवार मेला देखकर ई-रिक्शा से अपने गांव पुर थाना महाराजपुर वापस लौट रहा था। अचानक पीछे से आ रही कार (क्र. एमपी 16 जेडके 6516) ने तेज गति से टक्कर मार दी। इस हादसे में सबसे ज्यादा चोट राजाबाई (पति कल्लू पटेल, उम्र 55 वर्ष) को आई, जिनका एक हाथ और एक पैर गंभीर रूप से टूट गया है। वहीं अनीता (पति राजबहादुर पटेल, उम्र 50 वर्ष) का एक पैर टूट गया है। दोनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी तीन घायलों (जिनमें एक नाबालिग बच्चा शामिल है) को मामूली चोटें आई हैं और उन्हें महाराजपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। 108 एंबुलेंस की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गंभीर घायलों को बाद में जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और फरार कार चालक की तलाश कर रही।

# बाइक सवार युवक की ट्रक से टक्कर में मौत

**छतरपुर**। जिले के कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के खोदरिया गांव निवासी सावेन्द्र यादव (21) पुत्र जगदीश यादव की बाइक से ट्रक की टक्कर में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा बिजावर नाके पर सुबह करीब 7.30 बजे हुआ।
जानकारी के अनुसार सावेन्द्र यादव बहन के घर रामनगर जा रहे थे। बाइक से जा रहे युवक को बिजावर नाके पर एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल सावेन्द्र को ई-रिक्शा से तुरंत जिला अस्पताल छतरपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत को देखते हुए उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया। हालांकि ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। मौत सुबह करीब 8.30 बजे हो गई। परिजनों के अनुसार युवक अपनी बहन के घर जा रहा था और हादसा अचानक हुआ। मृतक के शव पर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।



# मेले में महिला के साथ लाखों की चोरी, जेबकतरों ने उठाया भीड़ का फायदा

**छतरपुर**। महाराजपुर में कुम्हेड़ नदी तट पर आयोजित मकर संक्रांति मेले में एक महिला के साथ बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर जेबकतरों ने महिला के बैग से सोने-चांदी के आभूषणों और नकदी को चुरा लिया। चोरी हुई संपत्ति की अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पीड़िता बिगपुर (नागरा, उत्तर प्रदेश) निवासी रोहणी यादव (25 वर्ष) हैं। वे अपने भाई और बहन के साथ अपनी बुआ के यहां चौक से आई थीं। मेला देखने के लिए रुक गईं। मेले की भीड़ में उनके बैग से कान के सोने के झुमके, चांदी की पायल, नाक की नथनी और नगद तीन हजार रुपये निकाल लिए गए। महिला ने बताया कि चोरी हुए आभूषणों की कीमत लाखों रुपये है।
घटना के बाद रोहणी यादव अपने भाइयों के साथ महाराजपुर थाने पहुंचीं और चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि मकर संक्रांति के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक यहां पहुंचते हैं। पुलिस का कहना है कि जेबकतरी की ऐसी घटनाएं मेले जैसी भीड़ वाली जगहों पर आम हैं। लोगों से सतर्क रहने और कीमती सामान संभालकर रखने की अपील की गई है। जांच में सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।



# बहू को बेटी की तरह रखें, कोई शिकायत न मिलेः पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

**बागेश्वर महाराज ने समधी को दी समझाइश**



छतरपुर

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बागेश्वर धाम में कन्या विवाह महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। इस बार का महोत्सव इसलिए खास है क्योंकि यह महोत्सव सिर्फ राष्ट्रीय नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय हो गया है। नेपाल की भी एक बेटी का विवाह धाम से हो रहा है। रविवार को बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने वर-वधु को लहंगा, चुनरी, शेरवानी, टोपी, वरमाला आदि सामग्री भेंट की। बागेश्वर महाराज ने अपने सभी समधियों को समझाईस दी कि वह बहू को बेटी की तरह रखें किसी भी प्रकार की कोई शिकायत न आए। महाराज श्री कुछ समधियों को बुलाकर उनसे मजाक करते हुए उन्हें गुलाल भी लगाया। महाराज श्री ने बताया कि इस बार वर और वधू के नाम से संयुक्त रूप से 30 हजार की एफडी कराई जाएगी। यह एफडी 5 वर्ष से पहले नहीं तोड़ी जा सकेगी।
करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र बागेश्वर धाम में महाशिवरात्रि को सप्तम कन्या विवाह महोत्सव आयोजित हो रहा है। इस महोत्सव में 300 बेटियों को परिणय सूत्र में बांधा जाएगा। रविवार को वर और वधू पक्ष को बुलाकर शुरुआती सामग्री भेंट की गई। बागेश्वर महाराज ने कहा कि यह बेटियां अब बालाजी की बेटियां हो गई है। इनका विवाह धूमधाम से किया जाएगा। देश भर के संत, महात्मा, राजपीठ, व्यास पीठ के लोगों के सानिध्य में बेटियां विवाह बंधन में बंधेंगी। महाराज श्री ने बताया कि सर्वे टीम ने अथक परिश्रम कर पांच सैकड़ा से अधिक अति निर्धन, अनाथ, मातृहीन, पितृहीन बेटियों में से 300 बेटियों को विवाह के लिए सूचीबद्ध किया है। महाराज श्री ने कहा कि पांच सैकड़ा से अधिक बेटियां विवाह की पात्रता रखती थी लेकिन बागेश्वर धाम वर्तमान में सिर्फ 300 बेटियों को विवाह बंधन में बांधने की सामथ्र्य रखता है इसलिए इन बेटियों को चुना गया है। महाराज श्री ने सभी को मंगल आशीर्वाद देते हुए कहा कि जो बेटियां दूर से आने वाली है वह 14 फरवरी को आ जाएं। बागेश्वर महाराज ने सर्वे टीम सहित व्यवस्था संभालने वाले परिकर की मुक्त कंठ से सराहना की।

## वर वधु पक्ष के लिए यह रहेगी व्यवस्था

वर एवं वधू पक्ष को जो महत्वपूर्ण पास दिए गए हैं उनमें वधू पक्ष के वाहनों के लिए दो पास एवं वधू के लिए एक कार्ड दिया गया है। इसी तरह वर पक्ष के वाहनों के लिए दो पास एवं उपहार ले जाने के लिए एक उपहार वाहन पास दिया गया है। साथ ही वर के लिए कार्ड दिया गया है। वर तथा वधू पक्ष के 25-25 सदस्यों के लिए भोजन के कूपन भी उपलब्ध कराए गए हैं ताकि वे आसानी से भोजन प्राप्त कर सके। महाराज श्री ने वर वधू मंडप भोजन हेतु अलग से भोजन की व्यवस्था की है।



# संत रविदास जयंती पर महाराजपुर में भव्य शोभायात्रा, झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

**महाराजपुर**। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की जयंती के पावन अवसर पर महाराजपुर नगर में आज भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा वार्ड क्रमांक 10 स्थित रविदास मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः उसी मंदिर में समाप्त हुई। शोभायात्रा खंडिया बस स्टैंड, डाकखाना मार्ग सहित अन्य मुख्य सड़कों से होकर गुजरी। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर संत गुरु का हार्दिक स्वागत किया। यात्रा में घोड़ों पर सवार श्रद्धालु, ढोल-नगाड़ों की थाप और डीजे की मधुर धुनों पर महिलाएं एवं युवा झूमते नजर आए।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, शोभायात्रा में महिला मातृशक्ति, युवा वर्ग और बुजुर्गों की भारी संख्या में भागीदारी रही। विशेष रूप से निकाली गई झांकियां लोगों का मुख्य आकर्षण बनीं, जिनमें संत रविदास जी की भव्य प्रतिमा को प्रमुखता से शामिल किया गया था। पूरे नगर में उत्सव का रंग छाया रहा। आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने में समाज के वरिष्ठजन, युवा तथा आयोजन समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत स्कूल परिसर में कार्यक्रम आयोजित




**छतरपुर**। ब्रह्माकुमारी विश्वनाथ कॉलोनी एवं ब्रह्माकुमारी मेडिकल प्रभाग तथा भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्त नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत महोबा रोड स्थित एस.के हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रेखा बहन ने कहा कि नशा एक दिमागी बीमारी है और बार-बार होती रहती है। इसमें व्यक्ति हानिकारक दुष्परिणाम के बावजूद नशीले द्रव्य पदार्थों और मादक पदार्थों का सेवन करता रहता है। जिसके फल स्वरूप वह बुरी लत तथा आदतों का शिकार हो जाता है। राजयोग मेडिटेशन मन को नियंत्रित करता है और मनोबल को बढ़ाता है।
इस अवसर पर बीके नम्रता बहन ने बताया आजकल नशीले पदार्थ भी कई तरह के निकले हैंद्य उन्होंने कहा कि शरीर को आदत पड़ जाती नशीले पदार्थ की लेकिन मन मजबूत होता है तो वह शरीर की कमजोरी के ऊपर विजय पा सकता है लेकिन यदि मन ही कमजोर हो जाए, मन ही आदि हो जाए नशीले चीजों का तो उसके लिए जागरूकता की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आजकल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज जैसे मोबाइल आदि की भी लत लग जाती है इस से भी छुटकारा पाने का कोई उपाय ढूंढना चाहिए। इसके लिए भी जागरूकता बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित स्कूल डायरेक्टर दिनेश रावत, उपनिदेशक विनीता पटेरिया एवं स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर स्कूल के बालकों ने नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा ली।

# आज पुख्य नक्षत्र पर रामनाम बैंक में जमा हुए 3 करोड़ 55 लाख राम नाम



**छतरपुर**। आज माघ शुक्ल पूर्णिमा के साथ रवि पुख्य नक्षत्र का दुर्लभ संयोग है इसी अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति द्वारा संचालित श्री राम नाम बैंक में 88 वर्षीय एक बुजुर्ग ग्राम देरी निवासी श्री लक्ष्मी प्रसाद रावत ने 3 करोड़ 55 लाख श्री रामनाम धन जमा किया। समिति के अध्यक्ष और रामनाम बैंक के संचालक पवन मिश्रा ने बताया कि विगत 14 जनवरी को श्री राम नाम बैंक के स्थापना दिवस पर बैंक में कुल रामनाम निधि 70 करोड़ 11 लाख पहुंच गई थी उसके उपरांत आज रवि पुख्य नक्षत्र पर 3 करोड़ 55 लाख राम नाम जमा हुए जो अपने आप में बड़ी संख्या है। श्री मिश्रा ने बताया कि जमा करने वाले भक्त लक्ष्मी प्रसाद रावत जी न केवल स्वयं राम नाम का लेखन करते हैं बल्कि आसपास के ग्रामों से पुस्तक वितरित कर की राम नाम का लेखन करवाते भी हैं ऐसी दो दर्जन से भी ज्यादा सुधी लेखक हैं जिनकी पुस्तक एकत्रित करके उन्होंने आज बैंक में जमा करवाई हैं इसके पूर्व भी श्री लक्ष्मी प्रसाद रावत एक बार 6 करोड़ 81 लाख और एक बार 2 करोड़ 11 लाख पुस्तक जमा करवा चुके हैं। हिंदू उत्सव समिति 4 साल से नगर में श्री राम नाम बैंक का संचालन कर रही है 2 करोड़ राम नाम निधि से शुरू हुआ यह बैंक 74 करोड़ की निधि पार कर चुका है समिति के द्वारा 100 से अधिक खाता धारकों को निरंतर निशुल्क लेखन पुस्तकें प्रदान की जाती है और जमा की जा रही है। जो भी राम नाम लेखक अपनी पुस्तक जमा या प्राप्त करना चाहे वह प्रताप सागर चौपाटी किनारे स्थित हिंदू उत्सव समिति के श्री राम नाम बैंक से संपर्क कर सकता है।

# आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य आयोजन

**नौगांव**। नौगांव शहर के मेला ग्राउंड में ऐतिहासिक हिन्दू सम्मेलन का सफल आयोजन देखने को मिला। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, युवा, मातृशक्ति और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के छाया चित्र पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना और कन्या पूजन के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ऋषि जी महाराज सहित विभिन्न वक्ताओं ने राष्ट्रभक्ति, सनातन संस्कृति की महत्ता, सामाजिक एकता और सेवा भाव पर गहन विचार व्यक्त किए। स्कूली छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को और अधिक जीवंत बना दिया।
सम्मेलन के दौरान आरएसएस के सौ वर्षों के संघर्ष, सेवा और समर्पण की गौरवशाली यात्रा को याद किया गया तथा आने वाली पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण और हिन्दू समाज की एकजुटता के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित जनसमूह ने बार-बार भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से पूरा मैदान देशभक्ति और आस्था से भर दिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की भव्य आरती के साथ हुआ, जिसके बाद सभी प्रतिभागियों ने समरसता भोज में शामिल होकर भाईचारे और एकता का संदेश दिया।

**खबर संक्षेप**

## आज करहिया मंडी में नहीं होगा खाद का वितरणजिले के अन्य वितरण केन्द्रों में होगा खाद का वितरण

**रीवा।** तकनीकी समस्या के कारण 2 फरवरी को करहिया मंडी में यूरिया खाद का वितरण नहीं किया जायेगा। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि करहिया मंडी को छोड़कर अन्य वितरण केन्द्रों से खाद का वितरण किया जायेगा। करहिया मंडी वितरण केन्द्र में किसानों को 2 फरवरी के टोकन का वितरण 3 फरवरी को एवं पूर्व के टोकन का वितरण भी 3 फरवरी को किया जायेगा। जिला विपणन अधिकारी ने किसान भाईयों से सहयोग की अपेक्षा की है।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से

**रीवा ।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए प्रस्तावित सभी खरीदी केन्द्रों में किसान गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गयी है। भूमि स्वामी किसान एवं सिकमी किसान के मध्य 2 फरवरी 2026 से पहले वैधानिक अनुबंध होने पर ही सिकमी किसान को समर्थन मूल्य में पंजीयन का अवसर मिलेगा। केवल पंजीकृत किसानों को ही गेंहू उपार्जन का लाभ दिया जायेगा।

## भूमि आवंटन के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 17 फरवरी तक

**रीवा ।** नगर निगम द्वारा अमृत योजना के तहत सीवरेज परियोजना में इंटरमीडिएट पम्पिंग स्टेशन बनाया जा रहा है। इसके लिए खैरा पटवारी हल्का में ग्राम पड़रा की शासकीय भूमि खसरा नम्बर 193/1 रकवा 0.2490 हेक्टेयर के अंश भाग 0.012 हेक्टेयर के लिए आवेदन किया गया है। इसी तरह नगर निगम ने ग्राम ढेकहा की शासकीय भूमि क्रमांक एक रकवा 0.0690 हेक्टेयर के अंश भाग 0.012 हेक्टेयर के आवंटन के लिए कलेक्टर न्यायालय में आवेदन दिया गया है। नगर निगम द्वारा ही ग्राम निपनिया में शासकीय भूमि खसरा नम्बर 321 रकबा 0.4050 हेक्टेयर के अंश भाग 0.0289 हेक्टेयर के आवंटन के लिए भी आवेदन किया गया है। नगर निगम ने पंपिंग स्टेशन निर्माण के लिए रीवा में शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 179 रकबा 0.2470 हेक्टेयर तथा 200 केएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के लिए रीवा में शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 109 रकबा 0.930 हेक्टेयर के अंश भाग 0.0895 हेक्टेयर के आवंटन के लिए आवेदन किया गया है। तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने इस संबंध में कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को इन जमीनों के शासकीय प्रयोजन के लिए आवंटन में किसी तरह की आपत्ति हो तो 17 फरवरी तक तहसीलदार हुजूर कार्यालय में लिखित रूप में आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

**व्यापारियों ने दिया समर्थन, भारी पुलिस बल रहा तैनात, शांतिपूर्ण रहा आंदोलन**

# यूजीसी के नए नियमों के विरोध में रीवा बंद, बाजारों में पसरा सन्नाटा, सामान्य वर्ग व सामाजिक संगठनों का आक्रोश

रीवा।



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल ही में लागू किए गए नए नियमों के विरोध में रविवार को रीवा शहर पूरी तरह बंद नजर आया। सामान्य वर्ग एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के आह्वान पर हुए इस बंद का असर सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों, व्यावसायिक क्षेत्रों और मुख्य सड़कों पर देखने को मिला। शहर के लगभग सभी प्रमुख बाजारों में दुकानों के शटर नहीं खुले, वहीं कुछ स्थानों पर खुली दुकानों को प्रदर्शनकारियों द्वारा बंद कराया गया। सुबह होते ही सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता और सामान्य वर्ग के लोग समूहों में सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने शहर के मुख्य बाजार, चौराहों और व्यापारिक इलाकों में पहुंचकर दुकानदारों से प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की। आंदोलन को व्यापारियों का भी व्यापक समर्थन मिला, जिसके चलते शहर की व्यावसायिक गतिविधियां पूरी तरह ठप रहीं। आम दिनों में चहल-पहल से भरे रहने वाले बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। वही शाम 5 बजे के बाद सभी दुकानें खुल गई। बंद और विरोध प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों और बाजार इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों ने पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रखी। हालांकि, बंद के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। दरअसल, यूजीसी द्वारा लागू किए गए नए नियमों को लेकर सामान्य वर्ग के लोगों में लंबे समय से असंतोष बना हुआ है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यूजीसी एक्ट 2016 के तहत बनाए गए नए प्रावधान सामान्य वर्ग के छात्रों के हितों के विपरीत हैं। उनका आरोप है कि इन नियमों के कारण उच्च शिक्षा में अवसर सीमित होंगे और आगे चलकर रोजगार की संभावनाओं पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा।यूजीसी के नए नियमों के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों और सामान्य वर्ग के प्रतिनिधियों ने पूर्व में ही 1 फरवरी को रीवा बंद का आह्वान किया था। इसी आह्वान के तहत रविवार को शहर में बंद का व्यापक असर देखने को मिला। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बंद के माध्यम से वे केंद्र सरकार का ध्यान नियमों में व्याप्त विसंगतियों की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। आंदोलनकारियों ने बताया कि भले ही सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल यूजीसी के इस नोटिफिकेशन पर रोक लगा दी है, लेकिन केवल न्यायालयीन रोक से समस्या का समाधान नहीं होगा। उनका कहना है कि केंद्र सरकार को अपने स्तर पर पहल करते हुए इन नियमों की समीक्षा करनी चाहिए और यदि वे छात्रों के हित में नहीं हैं तो उन्हें पूरी तरह वापस लिया जाना चाहिए।प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना है कि शिक्षा से जुड़े नियमों में बदलाव करते समय सभी वर्गों के हितों को समान रूप से ध्यान में रखा जाना चाहिए। सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो और उनकी शैक्षिक तथा रोजगार संबंधी संभावनाएं प्रभावित न हों, यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। बंद के चलते शहर की सामान्य जनजीवन पर भी असर पड़ा। बाजार बंद रहने से आम नागरिकों को खरीदारी में परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं परिवहन और अन्य सेवाएं सीमित रूप से ही संचालित होती रहीं। इसके बावजूद लोगों ने आंदोलन को शांतिपूर्ण बनाए रखने में सहयोग किया।

# नारी शक्ति वंदन समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री




रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि भारत की बेटी डॉ. कल्पना चावला ने अपनी प्रतिभा और संकल्प से देश को गौरवान्वित किया और अपने देश का नाम अन्तराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया। श्री शुक्ल नारी शक्ति वंदन समारोह में शामिल हुए। सांदीपनि विद्यालय पी.के. स्कूल में आयोजित अंतरिक्ष यात्री डॉ. कल्पना चावला की 24वीं पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शुक्ल ने कहा कि यह आयोजन नारी सशक्तिकरण, साहस, संकल्प और वैज्ञानिक चेतना को समर्पित एक प्रेरक पहल है। भारत की बेटी डॉ. कल्पना चावला का जीवन संघर्ष, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के गौरव का प्रतीक है। उनके द्वारा स्थापित मापदण्ड बेटियों के लिए प्रेरणा का शाश्वत स्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. कल्पना चावला द्वारा कम उम्र में किये गये कार्य चिरकाल तक अविस्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य वरूणेन्द्र प्रताप सिंह सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# आम आदमी को कमजोर करने वाला पूंजीवादी बजट: अजय खरे

**रीवा।** संसद में मोदी सरकार के द्वारा पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि इसमें ऐसा कुछ नहीं जिससे आम आदमी को राहत मिल सके। लंबे समय से बुनियादी समस्याओं को नज़र अंदाज़ किया जा रहा है। किसानों की आय दोगुनी करने की बात लफ्फाजी साबित हुई है। अभी तक कुछ नहीं हुआ। हर बार लाली पाप थमाया गया है। मौजूदा आर्थिक नीति से देश के सभी वर्गों का भविष्य अंधकारमय है। लोगों को चुग्गा नहीं, रोजगार देना चाहिए। बड़े पैमाने पर बेरोजगारों की बढ़ती संख्या यह बताती है कि सरकार ने बेरोजगार बनाने की फैक्ट्री खोल रखी है। महंगाई,भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता जैसे गंभीर सवालों पर कहीं कोई दृष्टि नहीं है। ऐसा लगता है कि बड़े पूंजीपतियों के खजाना को और भरने के लिए बजट है। देश पर विदेशी कर्ज का बोझ अत्यधिक बढ़ता जा रहा लेकिन ऐसे भयंकर ख़तरे की सरकार को परवाह नहीं जो देश को आर्थिक रूप से कमजोर और खोखला कर रहा है।

## शहर में हिट एंड रनः नशे में धुत कार सवारों ने बाइक को 200 मीटर तक घसीटा, युवक की हालत गंभीर

**रीवा।** शहर की सड़कों पर शनिवार रात एक दिल दहला देने वाला हिट एंड रन का मामला सामने आया है। नशे की हालत में तेज रफ्तार कार चला रहे युवकों ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी और उसकी बाइक को करीब 200 मीटर तक घसीटते हुए फरार होने की कोशिश की। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत नीम चौराहा से करहिया की ओर जाने वाले मार्ग पर शनिवार देर रात हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार करहिया निवासी विष्णु कुशवाहा बाइक से अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह नीम चौराहे के पास पहुंचा, पीछे से तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने उसे जोरदार




टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक सड़क पर गिर पड़ा, जबकि उसकी बाइक कार में फंस गई। इसके बावजूद कार सवार रुके नहीं और बाइक को घसीटते हुए लगभग 200 मीटर तक ले गए। इस दौरान सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। हादसे में विष्णु कुशवाहा को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में कुल तीन लोग सवार थे और सभी नशे की हालत में थे। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए कार में सवार एक व्यक्ति को पकड़कर थाने ले गई है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। घटना में प्रयुक्त ब्रेजा कार को भी जब्त कर लिया गया है। विश्वविद्यालय थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ नशे में वाहन चलाने, लापरवाही से वाहन चलाने और हिट एंड रन की धाराओं में मामला दर्ज किया जाएगा।

# सत्ता पक्ष ने बजट को बताया ऐतिहासिक, विपक्ष ने बताया निराशाजनकः केंद्रीय बजट 2026-27 विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदमः उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर रीवा में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। सता पक्ष के लोगों ने बजट को ऐतिहासिक और विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम बताया, जबकि व्यापारियों के एक वर्ग ने इसे आम जनता के लिए राहत से दूर और बड़े उद्योगों के पक्ष में बताया।बता दे लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2026-27 पेश किया। यह उनका लगातार नौवां बजट रहा। बजट को लेकर आम जनता, व्यापारी वर्ग, उद्योग जगत और निवेशकों में खासा उत्साह देखा गया। लोगों को टैक्स प्रणाली को सरल बनाने और महंगाई से राहत की उम्मीद थी। बजट पेश होने के बाद रीवा में लोगों ने पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। किसी ने बजट को बताया है ऐतिहासिक तो किसी ने बताया जेब खाली करने वाला। वही उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने केंद्रीय बजट 2026-27 को विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को नई गति देता है। बजट में समग्र राष्ट्र दृष्टिकोण और पंच प्राण के सिद्धांत को मूर्त रूप दिया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रधानमंत्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस ऐतिहासिक बजट के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट का उद्देश्य समग्र और सर्वस्पर्शी विकास को सुनिश्चित करना है, ताकि देश के हर क्षेत्र और नागरिक तक विकास की लहर पहुँच सके। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय को रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जिससे बुनियादी ढांचे, परिवहन, ऊर्जा और डिजिटल संपर्क को मजबूती मिलेगी तथा रोजगार और उत्पादन में वृद्धि होगी। साथ ही, सरकार ने राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए राजकोषीय घाटा 4.3 प्रतिशत के करीब रखा है, जिससे दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित होगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्वास्थ्य क्षेत्र को बजट में विशेष प्राथमिकता देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बायोफार्मा शक्ति पहल के तहत अगले पांच वर्षों में 10 हज़ार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है, जिससे भारत बायोलॉजिक और बायोसिमिलर दवाओं में आत्मनिर्भर बनेगा। साथ ही, आयुष और पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के लिए पांच क्षेत्रीय आयुष मेडिकल हब और तीन नए ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है। इससे स्वास्थ्य शिक्षा, अनुसंधान और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और वैश्विक स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास को भी बजट में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। स्वास्थ्य शिक्षा और एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल क्षेत्र में प्रशिक्षण देने, 1.5 लाख केयरगिवर्स प्रशिक्षित करने और 1 हज़ार से अधिक क्लिनिकल ट्रायल साइटें स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में दक्ष कर्मचारियों की कमी दूर होगी और स्वास्थ्य अनुसंधान की क्षमता बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि मध्यम वर्ग और करदाताओं के लिए करमर्यादा और कर नियमों में सुधारों का संकेत बजट में दिया गया है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में सुगमता और पारदर्शिता बढ़ेगी। डिजिटल संपर्क, ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के लिए ब्रॉडबैंड, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में निवेश को प्राथमिकता देने से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्यमिता में बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस बजट में यह स्पष्ट है कि "सबका साथ, सबका विकास" नीति निर्माण का आधार है। यह बजट आर्थिक विकास, स्वास्थ्य सुरक्षा, सामाजिक समावेशन और तकनीकी प्रगति को एकसाथ जोड़कर देश के सभी नागरिकों तक विकास की लहर पहुँचाने का प्रयास करता है।विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला बजट : विवेक पाण्डेय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला मीडिया प्रभारी भाजपा एड.विवेक पाण्डेय छोटू ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला है, जिसमें गरीब, किसान, महिला और युवा सहित समाज के हर वर्ग के सशक्तिकरण का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया गया है। वर्ष 2026-27 का बजट गांव और गरीब की, कृषि और किसान की तस्वीर तथा तकदीर बदलने वाला बजट है।युवाओं के सपनों, किसानों की सुरक्षा, उद्यमियों के आत्मविश्वास और मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर देश को नई गति देने वाला बजट है। यह बजट देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।बजट आम जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरने में विफल : अजय मिश्रा 'बाबा'नगर पालिक निगम कांग्रेस महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट आम जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरने में विफल रहा है।महापौर मिश्रा ने कहा कि इस बजट में किसानों के लिए कोई ठोस राहत नहीं, युवाओं के लिए रोजगार सृजन का कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं, और देश की कमजोर होती अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का कोई ठोस विज़न नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ती आर्थिक असमानता जैसे ज्वलंत मुद्दों पर बजट पूरी तरह मौन है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए न MSP की गारंटी है, न कर्ज़ से मुक्ति, युवाओं के लिए न रोजगार है, न भविष्य की दिशा, और देश की गिरती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए सरकार के पास कोई ठोस योजना नहीं है। देशभर में 2,300 से अधिक औद्योगिक इकाइयों का बंद होना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियां पूरी तरह विफल हो चुकी हैं, और यह बजट उसी विफलता की कहानी बयान करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों के हित में तैयार किया गया है, जबकि किसान आत्महत्या को मजबूर है, युवा बेरोजगार है और मध्यम वर्ग महंगाई के बोझ तले टूट चुका है। इसके बावजूद रोजगार सृजन, उद्योग संरक्षण और आर्थिक मजबूती को लेकर बजट में कोई गंभीर प्रयास नजर नहीं आता। आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक कदम सिद्ध होगा : नरेंद्र कुमार गुप्ता प्रदेश सह-संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ नरेंद्र कुमार गुप्ता बजट पर प्रक्रिया देते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 रोजगार व उद्योग को बढाने वाला है। आम जनता खासतौर पर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने व आत्मनिर्भर बनाने का इस बजट में जोर दिया गया है। छोटे उद्योग को भीबजट में काफी कुछ प्रावधान किया गया है,जिसमें उद्योग को कम ब्याज पर ऋण मिल सकें।आयकर में आप्रवासी भारतीयों को विशेष प्रावधान करते हुए काफी कुछ राहत दी गई है। यह आम बजट भारत के आर्थिक विकास में गति प्रदान करेगी। आम बजट मध्यमवर्ग व गरीबवर्ग के हित का हैं।विकसित भारत की मजबूत आधारशिला रखते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन, अधोसंरचना निर्माण को नई गति देने वाला ऐतिहासिक बजट है। आम बजट 2026 आदरणीय प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और सुदृढ़ करते हुए समावेशी विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक कदम सिद्ध होगा।बढ़ते आर्थिक बोझ के बीच यह बजट केवल आंकड़ों और घोषणाओं तक सीमितः अशोक पटेल 'झब्बू'रीवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष अशोक पटेल 'झब्बू' ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट आम जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आम नागरिकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ के बीच यह बजट केवल आंकड़ों और घोषणाओं तक सीमित रह गया है। पटेल ने कहा कि बजट में न तो युवाओं के लिए ठोस रोजगार योजना दिखाई देती है और न ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए कोई प्रभावी प्रावधान किया गया है। खाद्य पदार्थों, रसोई गैस, पेट्रोल-डीज़ल और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की महंगाई से जनता पहले से ही त्रस्त है, लेकिन बजट में महंगाई पर नियंत्रण को लेकर कोई ठोस रोडमैप नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग को इस बजट से राहत की उम्मीद थी, लेकिन आयकर छूट, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निराशा ही हाथ लगी है। बजट में चंद बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की सोच स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, जबकि आम आदमी के हितों की अनदेखी की गई है।अशोक पटेल 'झब्बू' ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज़ को सड़क से संसद तक मजबूती से उठाती रहेगी और इस जनविरोधी बजट के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह आम जनता, किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग को वास्तविक राहत देने वाले फैसलों पर पुनर्विचार करे।



# हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 10 फरवरी से

**रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षा 10 फरवरी से आरंभ हो रही है। हायर सेकण्डरी की परीक्षा 10 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.55 बजे प्रश्न-पत्र दिए जाएंगे। प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा। प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी यथा संभव पेयजल की बोतल स्वयं लेकर आएं। कक्षा 12वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र मंगलवार 10 फरवरी को होगा। इस दिन अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा। शुक्रवार 13 फरवरी को एनिमल हस्बैण्डरी मिल्क ट्रेड पोल्ट्रीफार्मिंग एवं फिशरीज, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास, अर्थशास्त्र तथा फिजिक्स का प्रश्न पत्र होगा। शनिवार 14 फरवरी को बायोटेक्नॉलाजी, गायन वादन एवं तबला पखावज का प्रश्नपत्र होगा। सोमवार 16 फरवरी को संस्कृत का प्रश्नपत्र तथा मंगलवार 17 फरवरी को ड्राइंग एण्ड डिजाइन का प्रश्न पत्र होगा। बुधवार 18 फरवरी को केमिस्ट्री, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एलिमेंट आफ साइंस एण्ड मेथमेटिक्स यूजफुल फार एग्रीकल्चर, ड्राइंग एण्ड पेंटिंग और गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान के प्रश्न पत्र की परीक्षा होगी। गुरूवार 19 फरवरी को मनोविज्ञान का प्रश्नपत्र होगा। शुक्रवार 20 फरवरी को आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस, नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेम वर्क के सभी विषय और शारीरिक शिक्षा का प्रश्नपत्र होगा। शनिवार 21 फरवरी को कृषि, होम साइंस (कला समूह) तथा बुककीपिंग एण्ड एकाउंटेन्सी का प्रश्न पत्र होगा। सोमवार 23 फरवरी को बॉयोलाजी तथा बुधवार 25 फरवरी को गणित का प्रश्नपत्र होगा। गुरूवार 26 फरवरी को राजनीति शास्त्र एवं 27 फरवरी को इन्फॉरमेटिक प्रेक्टिसेस का प्रश्नपत्र होगा। सोमवार 2 मार्च को समाजशास्त्र का प्रश्नपत्र होगा। गुरूवार 5 मार्च को भूगोल, क्रॉप प्रोडक्शन एण्ड हार्टिकल्चर, स्टिल लाईफ एण्ड डिजाइन, शरीर रचना क्रिया-विज्ञान एवं स्वास्थ्य का प्रश्नपत्र होगा। शुक्रवार 6 मार्च को उर्दू तथा मराठी एवं अंतिम प्रश्नपत्र शनिवार 7 मार्च को हिंदी का होगा।

# मऊगंज मे ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा वरिष्ठजनों का भव्य सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**मऊगंज।** जनपद पंचायत कार्यालय मे वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं स्नेह की भावना को जागृत करने तथा उनके शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक कल्याण के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय, मऊगंज द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग (केंद्र सरकार की सहमति से) के पावन मार्गदर्शन में "वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह" का भव्य आयोजन 31 जनवरी 2026 को किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय स्मृति एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पी.के. पांडे (अपर कलेक्टर) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मऊगंज चिकित्सा अधिकारी बीएमओ प्रद्युमन शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही।मुख्य अतिथि पी.के.पांडे ने कहा कि "वरिष्ठ जन समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और संस्कार नई पीढ़ी को दिशा देते हैं। ऐसे आयोजन न केवल सम्मान प्रदान करते हैं, बल्कि समाज को संस्कारित भी करते हैं जो ब्रह्माकुमारी संस्था बहुत ही बढ़-चढ़कर के भाग ले रही हैंबीएमओ प्रद्युमन शुक्ला ने वृद्धावस्था में मानसिक शांति, सकारात्मक सोच एवं संतुलित जीवनशैली को स्वास्थ्य का मूल आधार बताया।ब्रह्माकुमारीज संस्थान मऊगंज की प्रभारी बीके पूर्णिमा बहन ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि "वृद्धावस्था बोझ नहीं, बल्कि अनुभवों की अमूल्य पूँजी है। राजयोग ध्यान, सकारात्मक चिंतन एवं आध्यात्मिक मूल्यों से वरिष्ठ जनों का जीवन सुखमय, स्वस्थ और गरिमामय बन सकता है।" बीके रूपा बहन के द्वारा विद्यालय का परिचय,आहार विहार एवं व्यवहार के बारे में विस्तृत जानकारी, वरिष्ठ जनों के उत्साह





वर्धन एवं मनोरंजन के लिए एक्टिविटी कराई गईकार्यक्रम में आए सभी वरिष्ठ जनों का तिलक एवं गमछे से स्वागत किया गया तथा उन्हें प्रकाशित साहित्य पत्रिका , ईश्वरीय निमंत्रण एवं प्रसाद भेंट कर आत्मीय सम्मान प्रदान किया गया। इस भावपूर्ण स्वागत से वरिष्ठ जन अत्यंत भावविभोर दिखाई दिए।समारोह में राजयोग ध्यान का अनुभव, आध्यात्मिक संदेश एवं आत्म-सम्मान जागृत करने वाले विचार प्रस्तुत किए गए। वरिष्ठ नागरिकों को उनके जीवन मूल्यों एवं समाज में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का सुगठित मंच संचालन सूर्यमणि शुक्ला (रेड क्रॉस सचिव, जिला मऊगंज एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी) द्वारा किया गया।इस अवसर पर बीके खुशबू बहन बृजवासी पटेल नगर पालिका अध्यक्ष परमानंद तिवारी सीईओ जनपद पंचायत मऊगंज शिव प्रसाद मिश्रा गवर्नमेंट आईटीआई ट्रेनिंग ऑफिसर मऊगंज,दीनानाथ मिश्र ,प्रज्ञा गुप्ता, दीक्षा बहन ,रमा निवास पांडे पकरा रामरतन मिश्रा समाजसेवी अरुणातिवारी समाजसेवी अरुण कुमार द्विवेदी सेवानिवृत्ति प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा संयोजक **NGO** बाल प्रभाकर त्रिपाठी तिवारी जी सेवा निवृत्ति शाखा प्रबंधक घुरहटा, एसपी मिश्रा,संतोष पांडे, सतीश मिश्रा जनपद पंचायतअमित गौतम कंप्यूटर ऑपरेटर जनपद पंचायत शशि भूषण मिश्रा एवं शंकर दयाल वर्माकृषि विभाग सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन ईश्वरीय स्नेह, आशीर्वाद एवं सकारात्मक संकल्प के साथ हुआ। वरिष्ठ जनों ने इस आयोजन को हृदयस्पर्शी, सम्मानजनक एवं मन को शांति देने वाला बताते हुए ब्रह्माकुमारीज संस्थान के प्रयास की बहुत-बहुत प्रशंसा की गईकार्यक्रम के समापन में सभी वरिष्ठ जनों के द्वारा नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प भी लिया गया